उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।
(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 351 /गोपन/2024–25 दिनांकः 03 दिसंबर, 2024

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–61/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 17 सितंबर, 2024 के क्रम में विभिन्न विभागों के अंतर्गत विज्ञापित **आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक संवर्ग** के कुल **257** रिक्त पदों हेतु आयोग द्वारा लिखित परीक्षा दिनांक **08 दिसंबर, 2024** को एकल पाली में प्रातः **11:00 बजे** से अपराह्न **01:00** बजे तक प्रदेश के 04 जनपदों के कुल 37 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। जिसमें **15809** अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र 02 दिसंबर, 2024 से आयोग की बेवसाइट पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। सभी अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की बेवसाइट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकेगें। समस्त अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।